<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग को दी मंजूरी। आयोग के सिफारिशों को दो हजार छब्बीस से लागू करने का लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रॉबर्ट्सगंज में विधायक खेल महाकुंभ के समापन समारोह में लिया हिस्सा। प्रदेश के विकास के लिये सर्वांगीण विकास पर दिया जोर।
- मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने कल महाकुम्भ क्षेत्र में की समीक्षा बैठक। प्रस्तावित कैबिनेट बैठक की तैयारियों को पूरा करने के दिये निर्देश।
- प्रदेश सरकार ने कल देर रात किया बड़ा प्रशासनिक फेर–बदल। तीन मण्डलायुक्त और चौदह जिलाधिकारियों को मिली नई तैनाती।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिये आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। इस वेतन आयोग की सिफारिशें दो हजार छब्बीस में लागू होंगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुयी केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग के लिये चेयरमैन और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी।

***माननीय प्रधानमंत्री जी ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए एक सेंट्रल पे कमीशन को मंजूरी दे दी। 2016 में लास्ट पे कमीशन 7 पे कमीशन स्टार्ट हुआ था तो 2026 में इसका टर्म कंप्लीट होता है उससे वेल बिफोर 2025 में आईआईटी पे कमीशन एस्टेब्लिश करने से सफीशिएंट टाइम मिलेगा।***

आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। लखनऊ स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में सहायक निदेशक अंशिका वाजपेई ने आकाशवाणी से बातचीत में फैसले का स्वागत किया।

***पे कमीशन के गठन से न सिर्फ वर्तमान केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा बल्कि जो लोग सेवानिवृत हो चुके हैं उनकी भी पेंशन में बढ़ोतरी होगी।केन्द्र सरकार ने हमेशा कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा है और ये हम सब के लिए बहुत ही खुशी का पल है।***

स्पेस सेंटर को लेकर केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा लिये गये फैसले की जानकारी देते हुए श्री वैष्णव ने बताया कि वर्ष दो हजार चालीस तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य के तहत तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी गई है।

***आज कैबिनेट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने तीन हज़ार नौ सौ पचासी थ्री थाउजेंड नाइन हंड्रेड आईटी फाइव करोड़ रुपीस की कॉस्ट से थर्ड लॉन्च पैड सैंक्शन किया है जो कि देश के लिए स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत एक इम्पोर्टेंट माइलस्टोन साबित होगा। अगले तीस वर्षों को ध्यान में रखें। इस इंफ्रास्ट्रक्चर की डिजाइन की जा रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में बैठक कर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिये। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सर्वांगीण विकास की रुपरेखा को आगे बढ़ाना होगा।

***केवल एक जगह के विकास से प्रदेश का विकास नहीं होगा हमें सर्वांगीण विकास की रूपरेखा को आगे बढ़ाना पड़ेगा इसमें आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत का विकास तो हो ही भौतिक विकास के कार्य भी हो शिक्षा स्वास्थ्य के साथ। साथ रोजगार और खेलकूद की गतिविधियों को भी उतनी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए।***

**********

महाकुंभ मेले में कल से संस्कृति का महाकुंभ नामक भव्य सांस्कृतिक उत्सव शुरू हुआ। प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गंगा पंडाल में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह उत्सव अगले महीने चौबीस फरवरी तक चलेगा।

***इस बृहत कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध झलक देखने को मिलेगी। इसमें लोकगीत सहित विभिन्न प्रकार की भारतीय संगीत और नृत्य कला देखने को मिलेगी। मुख्य मंच गंगा पंडाल में अलग–अलग दिनों में देश भर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि कई अन्य प्रसिद्ध कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।शुभारंभ के तुरंत पश्चात प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन जी की शानदार प्रस्तुति हुई, उसके बाद रित्विक सान्याल जी पद्मश्री की प्रस्तुति के साथ–साथ***

*अन्य प्रस्तुतियां भी हुई। 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाला गंगा पंडाल भक्ति और विरासत के इस उत्सव का मुख्य स्थल है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है और दर्शक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि के 9 बजे तक कलाकारों की प्रस्तुतियां देख सकते हैं। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कल महाकुंभ नगर के सेक्टर नम्बर दो में संविधान गैलरी का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गैलरी महाकुंभ में आने वाले लोगों को संविधान में दिये गये अधिकारों और कर्तव्यों को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि–

*हमारा समाज एक कानून सम्मत तरीके से आगे बढ़े इसके लिए विशेष रूप से यह प्रयास किया गया कि यहां पर आम जन जन को सामान्य नागरिक को भी इसकी जानकारी होने का अवसर है। यहां पर इलेक्ट्रानिक सिस्टम से इस बात की भी व्यवस्था की गई है कि अगर जो भी चाहेगा तो वह ऑडियो के माध्यम से भी अपना शंकाओं का भी समाधान कर सकता है। जो जानकारी करना चाहेगा वो जानकारी भी उसको प्राप्त हो सकती है।*

श्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह गैलरी सभी वर्गों के लिये संविधान की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ नगर में उन्तीस जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। तैयारियों को लेकर कल प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशान्त कुमार ने महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने महाकुम्भ में जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और प्रदेश सरकार की संभावित कैबिनेट बैठक को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**********

महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने कई विशेष इंतजाम किये हैं। इसी क्रम में प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर रेलटेल की रेलवायर वाई फाई सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके जरिये लोगों को तेज इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही रेल मंत्रालय अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रतिदिन चलाई जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का विवरण भी उपलब्ध करवा रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा आज करीब दो दर्जन से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

**********

प्रदेश सरकार ने कल देर रात बड़ा प्रशासनिक फेर–बदल करते हुए तीन मण्डलायुक्त और चौदह जिलाधिकारी सहित इकतीस आइएएस अफसरों को नई तैनाती दी है। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। बाराबंकी के डीएम सत्येन्द्र कुमार विशेष सचिव बनाये गये हैं। अलीगढ़ के जिलाधिकारी विशाख को लखनऊ के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी गयी है। मेरठ, आगरा, अलीगढ़ में नये मण्डलायुक्त तैनात किये गये हैं जबकि मथुरा, बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बिजनौर, कानपुर नगर, बागपत, बांदा, गाजियाबाद, मेरठ, फर्रूखाबाद, बाराबंकी और सुल्तानपुर के जिलाधिकारी बदले गये हैं।

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने नीट यूजी दो हजार पच्चीस को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का निर्णय लिया है। एनटीए के एक अन्य निर्णय के अनुसार इस बार नीट यूजी का आयोजन पेन पेपर पर आधारित होगा।

**********